प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 20.10.2024

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 20.10.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री राकेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 8206/22 मु0अ0सं0 45/22 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त प्रेम सिंह पुत्र बलवन्त सिंह निवासी जगजीवनपुरी कस्बा रामराज थाना बहसूमा जनपद मेरठ को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 20.10.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री राकेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2611/18 मु0अ0सं0 167/18 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मनजीत सिंह पुत्र सन्तु सिंह निवासी शहजादपुर उर्फ सुजातपुर थाना हस्तिनापुर जनपद मेरठ को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 20.10.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनीष कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2880/09/13 मु0अ0सं0 447/13 धारा 323,325,504 भादवि में वारण्टी अभियुक्त शददन उर्फ महबूब इलाही पुत्र फजले इलाही निवासी कांजी हाऊस वाली गली थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 01 वाहन चोर अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 20.10.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री लोकेश कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 65/2024 धारा 303(2),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त शाकिब उर्फ सोल्जर पुत्र रहीस निवासी ग्राम बिलासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को सन्तोष अस्पताल निकट कम्पनी बाग मेरठ रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी स्पलैण्डर मोटर साईकिल नम्बर यूपी 12 बीएफ 9142 व 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्वि की गयी।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 10 हजार रूप्य का इनामी व 32 वर्षो से फरार/मफरूर अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 20.10.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1976/2009/1997 मु0अ0सं0 541/1992 धारा 25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त नईम उर्फ मुन्ना पुत्र वहीद निवासी मौहल्ला जसवन्तपुरी थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को जिला अस्पताल गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।